राष्ट्रीय बाल भवन
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय
का स्वायत्त संस्थान, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
भारत सरकार)

NATIONAL BAL BHAVAN
(An Autonomous Institution under
Ministry of Human Resource Development
Department of School Education & Literacy
Govt. of India)

कोटला रोड, नई दिल्ली-110002 Tel. : 011-23236570 Kotla Road, New Delhi-110002

मि. सं० 3(1)/रा०बा०भ०/डीडी(पी)डीसी–32/2016 दिनांक : 11.02.2016

प्रिय अध्यक्ष/निदेशक,

राष्ट्रीय बाल भवन द्वारा अखिल भारतीय बाल भवन अध्यक्षों एवं निदेशकों का 32वां सम्मेलन 29 फरवरी 2016 से 1 मार्च 2016 तक नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में अध्यक्ष एवं निदेशक दोनों ही आमन्त्रित हैं। इससे सभी को एक–दूसरे से मिलने तथा विचार–विमर्श करने का अवसर मिलेगा। बाल भवन आन्दोलन को सुदृढ़ बनाने के उपायों पर चर्चा करने के लिए यह बैठक एक आम मंच सुलभ करा सकेगी। इस दो दिवसीय सम्मेलन में हम विचारों का आदान–प्रदान कर सकते हैं और बच्चों को केन्द्र में रखकर बाल भवन के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए हम इस बात पर चर्चा कर सकते हैं कि नए कार्यक्रमों की नव–संकल्पना कैसे तैयार की जाए।

सभी सहभागियों से अनुरोध है कि वे शीघ्रातिशीघ्र अपना आरक्षण करवा लें ताकि 28 फरवरी 2016 को राष्ट्रीय बाल भवन, नई दिल्ली पहुंच सकें। यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता राष्ट्रीय बाल भवन के मानदंडों के अनुसार अदा किया जाएगा। अध्यक्षगण एअर इंडिया अथवा इंण्डियन एअर लाइन्स द्वारा – मितव्ययी श्रेणी से अथवा द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित ट्रेन से यात्रा करने के पात्र हैं। दैनिक भत्ता मानदण्डों के अनुसार अदा किया जाएगा (टिकट की प्रति प्रस्तुत करने पर यात्रा भत्ता स्वीकृत किया जाएगा)। कृपया 2 मार्च 2016 के लिए वापसी टिकट भी बुक करवा लें। सम्मेलन सत्र 29 फरवरी और 1 मार्च 2016 को होगा। निदेशक 2nd एसी ट्रेन से यात्रा करने के पात्र है।

सहभागियों से अपेक्षा की जाती है कि वे सम्मेलन के सभी सत्रों में उपस्थित रहें। सम्मेलन समाप्त होने के उपरान्त ही दर्शनीय स्थलों का भ्रमण किया जा सकेगा।

कृपया अपने बाल भवन के वर्ष भर के कार्यक्रमों (अप्रैल 2015 से मार्च 2016) की रिपोर्ट साथ लेकर आए जिसमें वर्ष के दौरान आयोजित नवोन्मेषी एवं सृजनात्मक कार्यक्रमों/गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया हो (लिखित रिपोर्ट तथा पॉवर प्वाईंट प्रस्तुति के लिए अधिकतम 5 मिनट का समय रहेगा) इस रिपोर्ट में आपके बाल भवन के कार्यकरण की भी स्थिति का उल्लेख किया जाना चाहिए।

कृपया अपने तथा आपके बाल भवन के अध्यक्ष की सहभागिता के सम्बंध में 15 फरवरी 2016 तक पुष्टि भिजवा दें ताकि हमें आवश्यक व्यवस्था करने में सुविधा हो सके। **कृपया नोट करें कि इस सम्मेलन में केवल अध्यक्ष और निदेशकों को ही आमन्त्रित किया गया है, उनके स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को तैनात नहीं करें।**

आपसे मुलाकात की प्रतीक्षा में
शुभकामनाओं सहित, सादर।

आपकी,

(अनामिका सिंह)
निदेशक, रा०बा०भवन